71वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहर के विभिन्न स्कूल और कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए

स्कूल-कॉलेजों में स्टूडेंट्स ने न्यू इंडिया और स्वच्छ भारत बनाने का लिया संकल्प

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

71वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में झंडा वंदन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। साथ ही न्यू इंडिया बनाने, देश को स्वच्छ रखने और पर्यावरण को बचाने का स्टूडेंट्स ने संकल्प भी लिया। द संस्कार वैली स्कूल में समारोह का आगाज सीनियर मैनेजमेंट टीम मेम्बर्स डॉ. दिलीप कुमार पाण्डा, प्रतिभा ललवानी और विकास अरमेरा ने ध्वजारोहण से किया। इसके बाद बच्चों और टीचर्स ने अपने काम व जिम्मेदारी को पूरी सत्यनिष्ठा के साथ पूरा करने का प्रण लिया। फिर स्टूडेंट्स ने कल्चरल प्रोग्राम की परफॉर्मेंस दी।

वहीं कैंपियन स्कूल के प्राइमरी से लेकर सेकण्डरी तक के हजारों बच्चो ने न्यू इंडिया बनाने, देश को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। प्रिंसीपल फादर डॉ. एथनस लकरा एसजे ने ध्वजारोहरण किया। इसके बाद असिस्टेंट स्कूल कैप्टन जस्टिन जॉजी थॉमस ने सभी स्टूडेंट्स को शपथ दिलाई। फिर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां हुईं।

देशभक्ति गीतों पर समूह नृत्य की प्रस्तुति देतीं द संस्कार वैली स्कूल की स्टूडेंट्स।

देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देते कैंपियन स्कूल के स्टूडेंट्स।

यहां भी झंडावंदन समारोह

आनंद विहार स्कूल, आनंद विहार कॉलेज फॉर विमन, शासकीय कमला नेहरु स्कूल, शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, सरोजिनी नायडू शासकीय महाविद्यालय, शासकीय गीतांजलि कन्या महाविद्यालय, सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल ईदगाह हिल्स समेत शहर के अन्य स्कूल कॉलेज में झंडावंदन हुआ। आजादी के तराने गाए गए। साथ ही देश को नए विजन के साथ न्यू इंडिया बनाने और स्वच्छ रखने का संकल्प स्टूडेंट्स ने लिया।